कार्यक्षेत्रीय मण्डल – वाराणसी, आजमगढ़, मिर्जापुर।
कार्यक्षेत्रीय जनपद– वाराणसी, मिर्जापुर, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, चंदौली, भदोही, सोनभद्र।
**कार्यालय : क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी।**
डी0–57 / 58, कस्तूरबा नगर, सिगरा, वाराणसी। फोन नं0 – (0542) 2221000
E-Mail Id- rheovns01@gmail.com Website-www.rheovns.co.in

**पत्रांक : क्षे0का0वा0 / 1706-07 /2022–23, दिनांक : 28/09/2022**

सेवा में,

प्राचार्य,
समस्त शासकीय / अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
जनपद–वाराणसी।

महोदय,

कृपया इस पत्र के साथ संलग्न जिलाधिकारी महोदय, वाराणसी के पत्रांक वृहद रो0मे0 / 2022 / 1352–56, दिनांक 22 सितम्बर, 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि मा0 मंत्री समूह बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में सेवायोजित कराने के उद्देश्य से दिनांक 03.10.2022 को महादेव पी0जी0 कालेज, बरियासनपुर, विकासखण्ड–चिरईगांव, जनपद–वाराणसी में वृहद मण्डलीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

अतः जिलाधिकारी महोदय, वाराणसी के पत्र के कम में आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त मण्डलीय रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में अभ्यर्थियों को प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

*संलग्नक–उक्तवत् /*

भवदीय,
28/9/22

**डॉ0(ज्ञान प्रकाश वर्मा)**
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
वाराणसी।

*पृ0सं0– क्षे0का0वा0 / /2022–23, तद्दिनांक।*
*प्रतिलिपि–* जिलाधिकारी महोदय, वाराणसी को सूचनार्थ प्रेषित।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
वाराणसी।

## कार्यालय– कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, वाराणसी।

पत्रांक: वृहद रो0मे0 / 2022 /     दिनांक: 22, सितम्बर, 2022

### आदेश

मा0 मंत्री समूह बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में सेवायोजित कराने के उद्देश्य से दिनांक: 03.10.2022 को महादेव पी0जी0 कालेज, बरियासनपुर, विकास खण्ड–चिरईगॉव, जनपद–वाराणसी में वृहद मण्डलीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसका उद्घाटन माननीय श्रम एवं सेवायोजन, मंत्री श्री अनिल राजभर जी के द्वारा किया जायेगा। वृहद रोजगार मेला में 60 से अधिक प्रतिष्ठित कम्पनियॉ प्रतिभाग करेंगी तथा लगभग 08 हजार से 10 हजार अभ्यर्थियों के प्रतिभाग करने की सम्भावना हैं।

अतः वृहद मण्डलीय रोजगार मेला के सफल आयोजन हेतु एवं कोविड–19 के दृष्टिगत सोशल डिस्टेसिंग का अनुपालन कराने हेतु निम्नलिखित अधिकारियों की ड्यूटी उनके नाम के सम्मुख रोजगार मेला के कार्य हेतु लगायी जाती हैं।

| कमांक | अधिकारी का नाम व पदनाम | सम्बन्धित अधिकारी का रोजगार मेले में कार्य |
|---|---|---|
| 01 | उप जिलाधिकारी, सदर, वाराणसी। | रोजगार मेला हेतु आवश्यक कानुन व्यवस्था। |
| 02 | श्री कृष्ण मोहन सिंह, संयुक्त निदेशक(प्रशि / शिशिक्षु), राजकीय आई0टी0आई0, वाराणसी मण्डल, वाराणसी। | रोजगार मेला में आये अतिथियों का स्वागत एवं हेतु आवश्यक व्यवस्था कराना तथा आई0टी0आई0 के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करायेगें एवं स्वयं आयोजन स्थल पर उपस्थित होगें। |
| 03 | क्षेत्राधिकारी, पिण्डरा, वाराणसी। | रोजगार मेला में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था कराना। |
| 04 | उपायुक्त उद्योग, वाराणसी। | रोजगार मेला में स्थानीय उद्योगों को प्रतिभाग कराना। |
| 05 | मुख्य अग्निशमन अधिकारी, वाराणसी। | रोजगार मेला में आगजनी की दुर्घटना की रोकथाम की व्यवस्था कराना। |
| 06 | प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, करौदी, वाराणसी। | रोजगार मेला में आये विभिन्न कम्पनियों के नियोजकों को आवश्यक व्यवस्था एवं अपने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाना एवं स्वयं आयोजन स्थल पर उपस्थित होगें। |
| 07 | प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (पुरूष), चौकाघाट,वाराणसी। | रोजगार मेला में आये विभिन्न कम्पनियो के नियोजकों को आवश्यक व्यवस्था एव अपने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाना । |
| 08 | प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला), चौकाघाट, वाराणसी। | रोजगार मेला में आये विभिन्न कम्पनियों के नियोजकों को आवश्यक व्यवस्था एवं अपने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाना । |

| | | |
|---|---|---|
| | मुख्य चिकित्साधिकारी, वाराणसी। | रोजगार मेला में आये बेरोजगार अभ्यर्थियों के दृष्टिगत कोविड–19 के अन्तर्गत डॉक्टर की एक टीम गठित कर ड्यूटी लगाना तथा एम्बूलेंस की व्यवस्था कराना। |
| 10 | उच्च शिक्षाधिकारी, वाराणसी। | रोजगार मेला में जिले के महाविद्यालयों के छात्रों को प्रतिभाग करने हेतु सूचित कराना। |
| 11 | प्रधानाचार्य, राजकीय पालीटेक्निक, वाराणसी। | रोजगार मेला में संस्थान के डिप्लोमाधारी अभ्यर्थियों को प्रतिभाग करने हेतु सूचित कराना। |
| 12 | उप सूचना निदेशक, वाराणसी। | रोजगार मेला के प्रचार–प्रसार हेतु विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से जारी कराना। |
| 13 | खण्ड विकास अधिकारी, चिरईगॉव, वाराणसी। | अपने स्तर विकास खण्ड में रोजगार मेला के प्रचार–प्रसार कराना तथा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराना। |
| 14 | जिला समन्वयक, कौशल विकास मिशन, वाराणसी। | रोजगार मेला में कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षुओं को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करायेगें एवं स्वयं उपस्थित रहेगें। |
| 15 | थानाध्यक्ष, चौबेपुर, वाराणसी। | रोजगार मेला के दिन स्वयं उपस्थित होकर कानुन व्यवस्था का पालन कराना। |

(कौशल राज शर्मा)
कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,
वाराणसी।

पत्रांकः वृहद रो0मे0/2022/1352–56 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः

1–आयुक्त महोदय, वाराणसी मण्डल, वाराणसी को सादर अवलोकनार्थ।

2–मुख्य विकास अधिकारी, वाराणसी।

3–पुलिस अधिक्षक ग्रामीण , वाराणसी को इस आशय से कि वृहद मण्डलीय रोजगार मेला में पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

4–सम्बन्धित अधिकारियों को अनुपालनार्थ।

5–सहायक निदेशक(सेवायोजन), वाराणसी मण्डल, वाराणसी को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर वृहद मण्डलीय रोजगार मेला को सफल बनायें।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,
वाराणसी।